**Fourteenth Loksabha**

**Session : 6**
**Date : 21-12-2005**

**Participants : Pandey Dr. Laxminarayan**

an>

Title : Need to hold regular meetings of District Monitoring and Vigilance Committees with a view to have effective implementation of Centrally sponsored schemes.

**डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर)** : महोदय, देश के सर्वांगीण विकास की दृटि से विभिन्न राज्यों को कतिपय केन्द्रीय योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए बड़ी मात्रा में धनराशि आबंटित की जाती है। इस राशि का योजनाओं के गुणवत्ता के साथ समयावधि में पूर्णता, धनराशि के सही व ठीक उपयोग की दृटि से राज्यों के जिलों में एक सतर्कता एवं निगरानी समिति का गठन किया गया है, जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ राज्य के संबंधित जिले के अधिकारी भी सदस्य होते हैं। इन जिला स्तरीय समितियों के कार्यकरण की समीक्षा को लेकर राज्य स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समितियां भी बनायी जाती हैं। किंतु, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराट्र, उत्तर प्रदेश और हरियाणा आदि कतिपय राज्य ऐसे हैं जहां जिला स्तरीय समितियां निर्धारित समयावधि में बैठकें ही नहीं कर पाती हैं तथा अधिकारियों की भागीदारी भी अपेक्षित व वांछित रूप से नहीं हो पाती है। परिणामतः उक्त समितियों के कार्यो के निपादन में कठिनाई हो रही है।

अतः ग्रामीण विकास मंत्री महोदय से निवेदन है कि राज्यों को पुनः आग्रह करें कि वे जिला स्तरीय निगरानी तथा सतर्कता समिति की बैठकों को प्राथमिकता देते हुए उसके कार्य में वांछित सहयोग करें।